तापमान

अधिकतम 35.0 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

# हरिभूमि जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार 6 मार्च 2026



12 300 करोड़ रुपये की लागत से वीटा मिल्क प्लांट...





12 योग साधकों ने फूलों की होली खेली, गुलाल लगाकर दी...




## खबर संक्षेप

### सूने घर से नकदी-जेवर ले गए चोर, केस दर्ज

**यमुनानगर।** शहर की हरबंसपुरा कॉलोनी में चोरों ने सूने घर में घुसकर चार हजार रुपये की नकदी तथा सोने व चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर की हरबंसपुरा कॉलोनी निवासी महेंद्र नागपाल ने गांधीनगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि दो मार्च को रात आठ बजे वह घर का ताला लगाकर किसी काम से बाहर गया था। सुबह नौ बजे जब वह वापस लौटे तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर घर से अलमारी में रखे चार हजार रुपए, सोने की बालियां, टॉप्स, चांदी के कड़े, पाजेब, कानों के झुमके तथा अन्य आभूषण गायब मिले। चोरी हुए आभूषणों की कीमत करीब 65 हजार रुपए है। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### हेरोइन तस्करी में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर से आरोपी को नशीले पदार्थ सहित काबू किया था। पकड़े गए आरोपी तुषार के कब्जे से 45 ग्राम मादक पदार्थ हैरोइन बरामद की गई थी। इसी मामले में सीआईए-1 ने संलिप्त दूसरे आरोपी सचिन उर्फ सुक्खा को गांधी ग्राउंड से गिरफ्तार किया है। अब पुलिस पकड़े गए दूसरे आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है।

### दुकानदार को पीटा, चार के खिलाफ केस दर्ज

**यमुनानगर।** रादौर के मेन बाजार स्थित दुकान में घुसकर कुछ लोगों ने दुकानदार के साथ जमकर मारपीट की। जिससे दुकानदार बुरी तरह से घायल हो गया। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार में रादौर निवासी अमन गुप्ता ने रादौर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि रादौर बाजार में उसकी दुकान है। 22 फरवरी को सुबह 11 बजे वह अपनी दुकान पर काम कर रहा था। इस दौरान टिंकू सरदार, उसका भाई सुखविंदर, बबलू व जसकीरत उसकी दुकान में घुस गए और उसके साथ गाली गलौज करने लगे।।उसके विरोध करने पर आरोपियों ने उसे बुरी तरह से मारा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर सुनकर जब आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। उसने घटना की सूचना परिजनों व पुलिस को दी। परिजनों ने मौके पर पहुंचकर उसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया।

# अलग-अलग हादसों में 7 लोगों की मौत

*होली के त्योहार के बीच करनाल, कुरुक्षेत्र, पानीपत और यमुनानगर में सड़क दुर्घटनाओं में दो मासूमों समेत सात लोगों की जान चली गई, जबकि कई लोग घायल हो गए। कहीं तेज रफ्तार वाहनों ने बाइक सवारों को टक्कर मारी, तो कहीं लापरवाही और फिसलन हादसों का कारण बनी। वहीं पानीपत में एक तेज रफ्तार बाइक ने दूसरी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक 8 साल की बच्ची की मौत हो गई। पुलिस ने सभी मामलों में केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।*

- पश्चिमी यमुना नहर बाइपास पर हादसे में दो युवकों की मौत
- घर लौटते वक्त बाइक फिसलकर रेलिंग से टकराने से हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

करनाल जिले में पश्चिमी यमुना नहर के बाइपास पर होली की देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। दोनों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक अचानक फिसल गई, हालांकि कुछ लोग किसी वाहन की टक्कर की आशंका भी जता रहे हैं। हादसा इतना भीषण था कि रामनगर निवासी 17 वर्षीय हर्ष की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी हरीश गंभीर रूप से घायल हो गया। हरीश को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया। मृतक हर्ष के पिता जोगिंद्र ने बताया कि उनका बेटा किसी काम से घर से निकला था और थोड़ी ही दूरी पर यह हादसा हो गया। बताया जा रहा है कि हादसे के दौरान बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगी रेलिंग से टकरा गई, जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कार ने तीन बाइकों को मारी टक्कर, एक युवक की जान गई, चार घायल

**कुरुक्षेत्र।** शादीपुर गांव के पास तेज रफ्तार स्विफ्ट कार ने 3 बाइक को टक्कर मार दी। इसमें बाइक सवार 4 दोस्त जख्मी हो गए, जबकि 20 साल के एक युवक की मौत हो गई। प्राइवेट अस्पताल में उसका इलाज चल रहा था। मृतक की पहचान नमन पाल 20 निवासी बजीदपुर के रूप में हुई। नमन अपने दोस्त अरुण के साथ बाइक पर था। कल होली के त्योहार पर प्रिंस व गौरव दूसरी बाइक पर थे। तीसरी बाइक पर दो और दोस्त साथ थे। नमन अपने दोस्त अरुण के साथ बाइक के पीछे बैठा हुआ था। साहब सिंह निवासी बजीदपुर ने पुलिस को बताया कि उसकी सेक्टर-5 में चाय की दुकान है। कल वह अपनी बाइक पर उड़ाना से उमरी होते हुए दौलतपुर वाया बजीदपुर अपने घर लौट रहा था। रास्ते में उसका बेटे नमन पाल और उसका दोस्त अरुण बाइक पर मिले। उन्होंने थोड़ा रुककर बातचीत की और फिर अरुण बाइक लेकर उसके आगे हो गया। तभी पीछे से एक स्विफ्ट कार तेज स्पीड में आई। उसके ड्राइवर ने बगैर हॉर्न दिए सीधे नमन और अरुण की बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। कार का बैलेंस बिगड़ गया, तो बाकी बाइक भी चपेट में आ गईं। सब सड़क पर गिर गए। उसका बेटा नमन सिर के बल गिरा। उसने अपनी बाइक को साइड में खड़ी करके बेटे को संभाला। उसने राहगीरों की मदद से घायलों को अस्पताल भेजा। नमन को पास के प्राइवेट अस्पताल ले गया। यहां इलाज के दौरान नमन की मौत हो गई। अरुण, सोमेश कुमार, सागर और गौरव का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने सूचना पाकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस आरोपी ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बस की चपेट में आकर मौत

**यमुनानगर।** मुकारबपुर के पास बस की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात बस चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। मुकारबपुर निवासी नीतीश कुमार ने सदर जगाधरी थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका परिचित बिहार के कटिहार निवासी 26 वर्षीय ऋषि कुमार प्लाइवुड फैक्ट्री में काम करता था। तीन मार्च को सुबह 11 बजे वह जगाधरी छछरौली रोड से जा रहा था। मुकारबपुर के पास सड़क क्रॉस करने लगा तो तेज गति से आ रही बस ने ऋषि कुमार को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से ऋषि कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने घायल ऋषि कुमार को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### हाईवे पर ओवरटेक करते समय हादसा, कार चालक की मौत

**इसराना।** पानीपत-गोहाना हाईवे पर नौल्था आईटीआई के पास गोहाना की तरफ से आ रही एक कार आगे चल रहे अज्ञात वाहन को ओवरटेक के चक्कर में टकरा गई। हादसे में कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। राहगीरों ने क्षतिग्रस्त कार की खिडक़ी तोड़ कर कार चालक को बाहर निकाल कर इसराना के पास एक निजी अस्पताल भिजवाया जहां डॉक्टरों ने कार चालक को मृत घोषित के दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मृतक के पास मिली आईडी से मृतक की पहचान 21 वर्षीय कपिल शर्मा वासी नौल्था के रूप में हुई। टक्कर मारने वाला अज्ञात वाहन वाहन समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मृतक के बड़े भाई की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस को दी शिकायत में सुमित वासी शामडी हाल वासी नौल्था ने बताया कि वह करीब 15 साल से अपनी मां व छोटे भाई कपिल शर्मा के साथ अपने मामा के घर रह रहे थे। उसका छोटा भाई बुधवार शाम अपनी कार से गोहाना से नौल्था आ रहा था। हाइवे पर नौल्था आईटीआई के पास उसके भाई की कार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में उसके भाई कपिल शर्मा की मौत हो गई।

### तेज रफ्तार टैक्टर ने ले ली मासूम की जान

**पानीपत।** शहर के सेक्टर 25 पार्ट 1 स्थित औद्योगिक क्षेत्र में एक भीषण सड़क हादसे में 5 वर्षीय मासूम की जान चली गई। एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए सडक़ किनारे खेल रहे बच्चे को सीधी टक्कर मार दी। हादसे के बाद टैक्टर-ट्रॉली बच्चे के ऊपर से गुजर गई। लहूलुहान हालत में बच्चे को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पीड़ित पिता की शिकायत पर आरोपी ड्राइवर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के सीतापुर के राजू वर्तमान में सेक्टर 25 स्थित प्लॉट नंबर 45 में रहते हैं और वहीं फील्ड व साफ-सफाई का काम करते हैं। राजू ने पुलिस को बताया कि वह अपनी फैक्ट्री के गेट पर खड़े थे। उनका 5 वर्षीय बेटा अजीत सिंह गेट के सामने ही खेल रहा था। इसी दौरान गंदा नाला की तरफ से एक नीला सोनालिका ट्रैक्टर तेज रफ्तार में आया। शिकायत के अनुसार ट्रैक्टर ड्राइवर ने लापरवाही बरतते हुए बच्चे को सीधी टक्कर मारी, जिससे वह सड़क पर गिर गया। इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता ट्रैक्टर के पीछे बंधी ट्रॉली बच्चे के ऊपर से उतर गई। मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई और लोगों ने ट्रैक्टर चालक को पकड़ लिया। जिसकी पहचान मनोज पुत्र सतपाल निवासी आसन कलां के रूप में हुई।

### दो बाइक टकराई, आठ साल की बच्ची की मौत, पिता व भाई गंभीर

**अंबाला।** अंबाला शहर के मोती नगर के पास एक सड़क हादसे में 8 वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। हादसे में उसके पिता और भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब परिवार दोस्त के घर से होली खेलकर लौट रहा था। पुलिस ने बाइक सवार के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। महावीर नगर के रहने वाले मनोज कुमार (44) अपनी पत्नी प्रीति, बेटे तनय (13) और बेटी देवेशी (8) के साथ बुधवार को दोस्त के घर से होली खेलकर लौट रहे थे। जैसे ही परिवार मोती नगर स्थित गुरुनानक फर्नीचर हाउस के पास पहुंचा तो सामने से आ रही एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार बाइक ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के तुरंत बाद राहगीरों ने सभी घायलों को नागरिक अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने 8 वर्षीय देवेशी को मृत घोषित कर दिया। मनोज के 13 वर्षीय बेटे तनय की हालत गंभीर होने के कारण उसे चंडीगढ़ पीजीआई रेफर किया गया है। मनोज कुमार को भी इस हादसे में गंभीर चोटें आई हैं। अंबाला शहर थाना पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है।

# पश्चिमी नहर में फतेहपुर पुल के नीचे मिला अज्ञात महिला का शव



- मृतका की एक बाजू पर राजेश व दूसरी पर लिखा है दिव्या नाम
- शव की नहीं हो पाई शिनाख्त, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

शहर के पुराना सहारनपुर रोड स्थित फतेहपुर पुल के नीचे पश्चिमी यमुना नहर में एक महिला का शव पड़ा मिला। मृतका के हाथ में मंगलसूत्र पड़ा मिला। इसके साथ ही उसकी एक बाजू पर राजेश और दूसरी बाजू पर दिव्या नाम लिखा हुआ था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पानी से बाहर निकाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के लिए सिविल अस्पताल स्थित शव गृह में रखवा दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार बूडिया थाना प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में महिला की उम्र लगभग 28 से 30 वर्ष के बीच आंकी जा रही है। मंगलसूत्र से उसके विवाहित होने की संभावना जताई जा रही है। फिलहाल महिला की पहचान नहीं हो पाई है। महिला की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। यह मामला हत्या का है या आत्महत्या का पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। गुमशुदगी के रिकॉर्ड भी खंगाले जा रहे हैं।

### 19 वर्षीय युवक ने फंदा लगाकर दी जान

**करनाल।** करनाल के रामनगर क्षेत्र में एक 19 वर्षीय युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान सुमित के रूप में हुई है, जो रामनगर में रहता था और एक दुकान पर काम करता था। परिजनों के अनुसार सुमित पिछले कुछ समय से काफी तनाव में था। बताया जा रहा है कि वह पड़ोस की एक लड़की के संपर्क में था और पिछले डेढ़ साल से दोनों के बीच बातचीत चल रही थी। सुमित की बुआ के मुताबिक घटना से कुछ समय पहले सुमित का उसके पास फोन आया था, जिसमें उसने बताया कि लड़की उसे परेशान कर रही है और केस कराने की धमकी दे रही है। इसी कारण वह काफी परेशान चल रहा था। परिजनों ने बताया कि फोन पर सुमित ने यह भी कहा था कि वह बहुत परेशान हो चुका है और जान दे देगा। इसके कुछ समय बाद उसने अपने कमरे में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि करीब चार महीने पहले सुमित की सौतेली मां और उसकी बहन उससे अलग होकर किराये के मकान में रहने लगी थीं। परिवार के अनुसार सुमित को उसकी बुआ ने ही पाल-पोसकर बड़ा किया था। गुरुवार को जब परिजन उसे देखने पहुंचे तो कमरे की कुंडी अंदर से बंद थी। दरवाजे के नीचे से देखने पर सुमित पंखे से लटका हुआ दिखाई दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# तेजधार हथियार से छाती-पेट पर वार कर युवक की हत्या, शव खेत में फेंका

- हाथ पर लिखे नाम के आधार पर हुई पहचान, हत्यारों को तलाश रही पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बराड़ा

गांव दिनारपुर में एक युवक की निर्ममता से हत्या कर लाश गन्ने के खेत में फेंक दी। युवक के शरीर पर किसी तेजधार हथियार से घातक वार किए गए थे। उसकी छाती और पेट पर गहरे घाव मिले हैं जिससे उसकी आंतें तक बाहर निकल आई थीं। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। शुरूआती जांच में युवक की पहचान पश्चिम बंगाल के रहने वाले अर्जुन के रूप में हुई है। पुलिस हत्या के कारणों और आरोपियों की तलाश में जुटी है। सरपंच प्रतिनिधि राकेश कुमार ने बताया कि बुधवार दोपहर करीब 3 बजे उन्हें गांव के गुरजिंदर सिंह ने फोन कर सूचना दी कि बस अड्डे के पास गन्ने के खेत में एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे। यहां देखा कि एक युवक औंधे मुंह खून से लथपथ पड़ा था। उसके शरीर पर गंभीर चोटों के निशान थे। इसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। साहा थाना प्रभारी कर्मबीर सिंह ने बताया कि मृतक की दाहिनी बाजू पर अंग्रेजी में 'अर्जुन' लिखा हुआ था। इसी आधार पर उसकी पहचान पश्चिम बंगाल के किशनगढ़ के अर्था गांव के अर्जुन के रूप में की है। पुलिस अब मृतक के परिजनों का पता लगाने की कोशिश कर रही है ताकि उन्हें घटना की जानकारी दी जा सके।पुलिस जांच में सामने आया है कि युवक की हत्या चाकूनुमा हथियार से कई वार कर की गई है। शरीर पर मिले घावों से साफ है कि हमलावरों ने बेरहमी से वार किए। पुलिस को आशंका है कि किसी रंजिश के चलते हमलावरों ने इस वारदात को अंजाम दिया है। फिलहाल पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है।



गन्ने के खेत के पास शव को जांचती पुलिस।

### नहाते समय पैर फिसलने से नहर में बहा युवक, नहीं लगा सुराग

**पानीपत।** पानीपत शहर में होली खेलने के बाद दिल्ली पैरलल नहर में नहाने गए उत्तर प्रदेश के एक 18 वर्षीय युवक का पैर फिसल गया। इससे वह गहरे पानी में बह गया। न्यू शांति नगर निवासी सागर ने पुलिस को बताया कि उसकी बुआ का लडक़ा 18 वर्षीय कर्ण जो मूल रूप से बहराइच यूपी का रहने वाला है। पिछले तीन महीनों से उनके पास रह रहा था। बुधवार को होली खेलने के बाद दोपहर करीब 12:30 बजे कर्ण और उसका चचेरा भाई 14 वर्षीय धनीराम नहाने के लिए नहर पर गए थे। बताया जा रहा है कि नहर के किनारे नहाते समय अचानक कर्ण का पैर फिसल गया। पानी का बहाव तेज होने के कारण वह खुद को संभाल नहीं पाया और देखते ही देखते लहरों में ओझल हो गया। साथ मौजूद धनीराम ने तुरंत शोर मचाया, जिसे सुनकर आसपास के लोग और परिजन मौके पर पहुंचे। थाना पुराना औद्योगिक पुलिस ने सूचना मिलते ही गोताखोरों को मौके पर बुलाया। नहर में काफी दूर तक सर्च अभियान चलाया गया है। पुलिस ने आसपास के थानों को भी सूचित कर दिया है ताकि युवक के बारे में कोई भी जानकारी मिलने पर तुरंत कार्रवाई की जा सके।

# कचरौली में गांव के बीच निजी फैक्ट्री के खिलाफ ग्रामीणों ने खोला मोर्चा

- फैक्ट्री को औद्योगिक क्षेत्र में शिफ्ट करने की लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

जिला के गांव कचरौली के ग्रामीणों ने गांव के बीचों-बीच चल रही एक निजी फैक्ट्री गणपति एंटरप्राइजेज के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि रिहायशी इलाके में चल रही इस फैक्ट्री के कारण न केवल ध्वनि और वायु प्रदूषण फैल रहा है, बल्कि संकरी गलियों में भारी वाहनों के आवागमन से आए दिन हादसे हो रहे हैं।

ग्रामीणों ने प्रशासन से फैक्ट्री को जल्द से जल्द औद्योगिक क्षेत्र में शिफ्ट करने की गुहार लगाई है। सोनू, संजय, राजकुमार और अन्य ग्रामीणों ने बताया कि फैक्ट्री में आने-जाने वाली बड़ी गाडिय़ों में बोरों की ऊंचाई इतनी अधिक होती है कि वे अक्सर गली में लटकती बिजली केबल में उलझ जाती हैं। इससे तार टूटने और करंट फैलने का खतरा बना रहता है। भारी वाहनों के कारण गलियों की नालियां और घरों के आगे बने थड़े भी टूट रहे हैं, जिससे गंदा पानी सडक़ों पर जमा हो जाता है। शिकायत के अनुसार, फैक्ट्री में भारी मशीनें 24 घंटे चलती हैं। जिससे रात के समय शोर असहनीय हो जाता है। इसके अलावा, फैक्ट्री के श्रमिक तेज आवाज में गाने बजाते हैं, जिससे महिलाओं और बच्चों को भारी परेशानी होती है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली कटने पर चलने वाले जनरेटरों से निकलने वाला धुआं और शोर वायु व ध्वनि प्रदूषण को खतरनाक स्तर तक बढ़ा देता है।

### ग्रामीणों ने जड़े गंभीर आरोप

ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाया कि फैक्ट्री में थिनर और तेजाब का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल होता है। इसका दूषित पानी सीधे नालियों में बहा दिया जाता ह। जिससे पूरे इलाके में दुर्गंध फैली रहती है। जल प्रदूषण के कारण मक्खी.मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। जिससे गांव में महामारी फैलने का अंदेशा बना हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने फैक्ट्री मालिक और गांव के सरपंच को कई बार इस समस्या से अवगत कराया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। आरोप है कि फैक्ट्री मालिक राजनैतिक रसूख की धमकी देता है और कहता है कि वह प्रशासन व संबंधित विभागों को मंथली देता है। इसलिए उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। लखमीचंद, रामदिया, सुमन, सावित्री और अन्य प्रार्थीगणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि इस अवैध रूप से चल रही फैक्ट्री की जांच की जाए और इसे रिहायशी इलाके से हटाकर किसी अन्य औद्योगिक क्षेत्र में शिफ्ट किया जाए ताकि ग्रामीणों को नरकीय जीवन से मुक्ति मिल सके।

## ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी बॉक्सिंग प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

# डीआरएलएयू के पियूषराज ने यूओएमएस के भुवन को 5-0 से हराया

**देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों से आए मुक्केबाजों ने किया अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में आयोजित आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी बॉक्सिंग-2026 प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों के मुक्केबाजों ने अपने शानदार प्रदर्शन से दर्शकों का दिल जीत लिया। प्रतियोगिता के दूसरे सत्र में 85 से 90 किलोग्राम भार वर्ग के मुकाबले बेहद रोमांचक रहे, जिनमें कई खिलाड़ियों ने दमदार जीत दर्ज कर अगले दौर में प्रवेश किया। खेल निदेशक प्रो. डी.एस. राणा ने बताया कि मुकाबलों की शुरुआत में एमडीएसयूए के मुक्केबाज दीपांशु कुमार ने एमकेयूजी के धवल भारतभाई तसारी को रेफरी स्टॉप कॉन्टेस्ट (आरएससी-1) के जरिए हराकर शानदार जीत दर्ज की। इसके बाद एमएसबीयूबी के नरेश चौहान ने बीयूजेके के भारतेश रायगोंड के खिलाफ वॉकओवर के आधार पर जीत हासिल की। वहीं पीआरएसयूपी के आरुष सतीश पांडेय ने टीएनपीईएस के गोथम सी. को वॉकओवर से हराकर अगले चरण में जगह बनाई। एक अन्य मुकाबले में जीकेडीयूएच के हर्षित नेगी ने सीयूओजे के माजिद अहमद को रेफरी स्टॉप कॉन्टेस्ट के जरिए पराजित किया। डीआरएलएयू के पियूष राज यादव ने यूओएमएस के भुवन डी.पी. को 5-0 अंकों के अंतर से हराकर अपनी तकनीकी श्रेष्ठता का प्रदर्शन किया। इसी तरह आरजीएनआईवाई के मोहम्मद हिशाम एन.पी. ने केयूसी के अभिषेक गोपे को आरएससी से हराकर जीत दर्ज की। प्रतियोगिता के अन्य मुकाबलों में एडब्ल्यूपीएस के नमन मिश्रा ने कस्ट के गोविंद श्रीथ बी. को वॉकओवर से हराया। टीडीएएलयू के आर. गोखुल को यूओएम के नमन दवे के खिलाफ वॉकओवर के कारण हार का सामना करना पड़ा। डीबीएएमयू के ईशांत लाओत भी एसडीयू के मिरियाला चरण साई के खिलाफ वॉकओवर के कारण मुकाबला नहीं जीत सके। वहीं एचवाईवीडी के ओम सोनी को आईटीएमयूजी के गौरव गुर्जर ने 5-0 अंकों से हराया।



कुरुक्षेत्र। प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी।

### जेएनटीयूएच के मनीष ने जेटीवीवी के अभिषेक को दी शिकस्त

इसके अलावा जेएनटीयूएच के साई मनीष रागी ने जेटीवीवी के वांका अभिषेक को आरएससी से हराकर शानदार प्रदर्शन किया। केबीसीयूएम के रामोले येश कैलास को आरडीयूजे के श्रेष्ठ यादव ने आरएससी से पराजित किया। एसजेयूटीसी के मनोज कुमार को एमबीएसपीएस के गुरलाल सिंह के खिलाफ वॉकओवर के कारण हार का सामना करना पड़ा। अंतिम मुकाबलों में एसपीपीयूपी के बोरहाडे मयूर जयसिंग ने एसजीबीएयू के पीयूष सुनील पाटिल को आरएससी से हराया, जबकि डीबीएटीयू के संग्राम बालू मुले ने बीयू के आर. मधुसूदन को आरएससी के जरिए पराजित कर अगले दौर में स्थान सुनिश्चित किया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार तकनीक, फुर्ती और दमदार पंचों का प्रदर्शन करते हुए मुकाबलों को रोमांचक बना दिया। प्रो. डी.एस. राणा ने बताया कि आने वाले दौरों में मुकाबले और अधिक कड़े होने की संभावना है, क्योंकि अब केवल श्रेष्ठ मुक्केबाज ही आगे बढ़ रहे हैं। इस अवसर पर खेल परिषद के अध्यक्ष डॉ अमित कुमार, बाक्सिंग कोच राजेश कुमार राजौंद, पूर्व खेल परिषद के अध्यक्ष डॉ नितिन सहगल, खेल परिषद के सदस्य डॉ मोहिंदर आलमपुर, वॉलीबाल कोच राजेश, कोच संदीप करोड़ा, सहित खिलाड़ी मौजूद थे।

# कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने जारी की स्नातक कक्षाओं की डेट-शीट

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की परीक्षा शाखा द्वारा अप्रैल/मई/जून 2026 में आयोजित होने वाली विभिन्न स्नातक कक्षाओं की वार्षिक परीक्षाओं की डेट-शीट जारी कर दी है। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर ने बताया कि बी.ए./बी.एससी. (जनरल) पार्ट-1, 2 व 3, बी.कॉम पार्ट-1, 2 व 3 तथा बीसीए पार्ट-1, 2 व 3 (वार्षिक प्रणाली) की परीक्षाओं का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि बी.ए./बी.एससी. (जनरल) पार्ट-2 की परीक्षाएं 16 अप्रैल से शुरू होकर 25 मई 2026 तक चलेंगी, जबकि बी.ए./बी.एससी. (जनरल) पार्ट-3 की परीक्षाएं 15 अप्रैल से शुरू होकर 12 मई 2026 तक होंगी। इसी प्रकार बीसीए पार्ट-2 की परीक्षाएं 16 अप्रैल से आरंभ होंगी तथा बीसीए पार्ट-3 की परीक्षाएं 17 अप्रैल से शुरू होकर 30 अप्रैल 2026 तक आयोजित की जाएंगी। बीसीए पार्ट-1 की परीक्षाएं 21 मई से प्रारंभ होंगी। बी.कॉम कक्षाओं में बी.कॉम पार्ट-2 की परीक्षाएं 16 अप्रैल से शुरू होकर 29 अप्रैल 2026 तक चलेंगी, जबकि बी.कॉम पार्ट-3 की परीक्षाएं 17 अप्रैल से आरंभ होकर 30 अप्रैल 2026 तक आयोजित की जाएंगी। वहीं बी.कॉम पार्ट-1 की परीक्षाएं 21 मई से शुरू होकर 29 मई 2026 तक आयोजित की जाएंगी।

### सायंकालीन सत्र में होंगी सभी परीक्षाएं

डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि सभी परीक्षाएं सायं सत्र में दोपहर 2 बजे से आयोजित होंगी और परीक्षा केंद्र की जानकारी अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र में दी जाएगी। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की है कि वे परीक्षा से संबंधित विस्तृत डेट-शीट विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट से अवश्य देख लें और परीक्षा के दौरान विश्वविद्यालय के सभी नियमों का पालन करें। साथ ही परीक्षा केंद्र में मोबाइल फोन व अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के प्रयोग पर प्रतिबंध रहेगा।

खबर संक्षेप



## चोरों ने कई दुकानों को बनाया निशाना

**घरौंडा।** शहर में चोरी की घटनाएं दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। जिससे दुकानदारों में भय का माहौल बन रहा है। दुकानदारों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि शहर में पुलिस गश्त बढ़ाकर चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने का प्रयास करे। फाग पर्व बुधवार की रात को रेलवे रोड पर अज्ञात चोरों ने कई दुकानों को निशाना बनाया। चोरो ने दुकानों के ताले तोड़कर हजारों रुपए की नगदी उड़ा कर ले गए। चोरी ने दो लोहे की दुकानों के ताले तोड़े, साथ ही अग्रवाल फर्नीचर की दुकान के ताले तोड़े। इसी के साथ चोरों ने दुकान के गल्ले ले में रखी लगभग 15 हजार रुपए की नगदी चुरा कर ले गए। बात दे कि रेलवे रोड पर लगभग 15 दिन पहले भी अज्ञात चोरों ने दस से 15 दुकानों को निशाना बनाया था और दुकानों के ताले तोड़कर हजारों रुपए की नगदी चुरा कर ले गए थे। दुकानदारों का कहना है कि चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही है। पुलिस ने रात के समय में गश्त बढ़ा देनी चाहिए।

## फुरलक में छोटूराम धाम को लेकर बैठक

**घरौंडा।** गांव फुरलक में वीरवार को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व सरपंच सूरत सिंह ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि 7 मार्च को जसिया के छोटूराम धाम में होने वाली महापंचायत में करनाल जिले से बड़ी संख्या में लोग पहुंचेंगे। समाज के गणमान्य लोगों ने आश्वासन दिया कि छोटूराम धाम के कार्यों में वे तन-मन-धन से भरपूर सहयोग करेंगे। बैठक में कहा गया है कि जाट समाज के कुछ नेताओं द्वारा व्यवधान पैदा कर दिया गया है। समाज को आपस में लड़ाने के लिए कई बार गलत बयानबाजी भी की गई है।लेकिन समाज पूरी स्थिति को समझ चुका है। इस विषय को लेकर महापंचायत बुलाई जा रही है। इस दौरान सरपंच अंकित पानू, जगरदीप, महेंद्र, दयाल सिंह, सुरजीत कवल सिंह फुरलक, बलबीर पानू, सुभाष, सुनील सिंह, सरपंच गगसीना, जगतार, पूर्व सरपंच बलविंदर सिंह व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### पुलिस और डॉक्टरों के बीच हुआ विवाद, अस्पताल में इमरजेंसी सेवाएं प्रभावित

# घरौंडा के सरकारी अस्पताल में बवाल डाक्टरों ने किया हड़ताल का ऐलान

करनाल एसपी ने आरोपी इंस्पेक्टर दीपक कुमार को सस्पेंड कर दिया है, लेकिन मेडिकल एसोसिएशन अब भी अड़ी हुई है। जिलेभर के सरकारी डॉक्टरों ने हड़ताल का ऐलान कर दिया है

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

घरौंडा के सरकारी अस्पताल में बुधवार देर रात पुलिस और डॉक्टरों के बीच हुआ विवाद अब एक बड़े आंदोलन का रूप ले चुका है। करनाल एसपी ने आरोपी इंस्पेक्टर दीपक कुमार को सस्पेंड कर दिया है, लेकिन मेडिकल एसोसिएशन अब भी अड़ी हुई है। जिलेभर के सरकारी डॉक्टरों ने हड़ताल का ऐलान कर दिया है।

***विवाद की जड़ : मरीजों की बदतमीजी और पुलिस की बेरुखी:*** घटना की शुरुआत अस्पताल में (मेडिकल लीगल केस) के लिए आए कुछ मरीजों से हुई। ड्यूटी



पर तैनात डॉक्टर प्रशांत के साथ उन मरीजों ने बदसलूकी की। डॉक्टर ने सुरक्षा और सहायता के लिए पुलिस को फोन किया, लेकिन अस्पताल स्टाफ के अनुसार, पुलिस का जवाब बेहद संवेदनहीन था। पुलिस की ओर से कहा गया हम तुम्हारे लिए ही थोड़े बैठे हैं।

**सीसीटीवी फुटेज' सबसे बड़ा सबूत**

गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक के साथ एसोसिएशन की बैठक हुई है। फिलहाल अस्पताल में इमरजेंसी सेवाएं भी प्रभावित हो रही हैं और पुलिस बल तैनात है। इस मामले में अब 'सीसीटीवी फुटेज' सबसे बड़ा सबूत है, जिसकी जांच उच्च अधिकारी कर रहे हैं।

**मेडिकल एसोसिएशन की सख्त चेतावनी**

डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. मुनेश गोयल ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। वहीं, मेडिकल एसोसिएशन के पदाधिकारी डॉ. दीपक गोयल ने स्पष्ट कर दिया है कि पूरी घटना सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड है। केवल सस्पेंशन काफी नहीं है। पुलिसकर्मियों के खिलाफ अपहरण और मारपीट का मुकदमा दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी की जाए। जब तक गिरफ्तारी नहीं होती, जिले के डॉक्टर काम पर नहीं लौटेंगे।

**स्टाफ ने ये बताया**

*मारपीट और अभद्रता : फोन पर हुई कहासुनी के बाद घरौंडा थाना प्रभारी दीपक कुमार अपनी गाड़ी से अस्पताल पहुंचे। आरोप है कि उन्होंने आते ही डॉक्टर प्रशांत का कॉलर पकड़ा, उन्हें थप्पड़ मारे और घसीटते हुए पुलिस जीप की ओर ले गए।*

*नशे में होने का आरोप : मौके पर मौजूद नर्सिंग स्टाफ (शालू मखीजा, सोनू, जोनी, साहिल) का आरोप है कि पुलिसकर्मी शराब के नशे में थे। जब स्टाफ ने बीच-बचाव की कोशिश की, तो उनके साथ भी गाली-गलौज की गई।*

*जबरन ले जाना : वीडियो में साफ दिख रहा है कि डॉक्टर गाड़ी में बैठने से मना कर रहे हैं, लेकिन उन्हें जबरन बिठाकर थाने ले जाया गया।*

*थाना प्रभारी का पलटवार : डॉक्टर ने दी थी गाली दूसरी ओर, सस्पेंड हुए इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने इन आरोपों को सिरे से नकारा है। उनका कहना है कि फोन पर बातचीत के दौरान डॉक्टर ने उनके साथ गाली-गलौज और बदतमीजी की थी। वीडियो में उन्हें यह कहते सुना जा सकता है तेरी गाली खाने के लिए बैठे हैं क्या हम? पुलिस का दावा है कि बाद में डॉक्टर की ओर से लिखित में माफी भी मांगी गई थी।*



# रक्तदान शिविर में 35 यूनिट रक्त एकत्रित

***रेडक्रॉस कार्यालय में 50 युवाओं ने कराया पंजीकरण, रक्तदाताओं को प्रशंसा पत्र देकर किया सम्मानित***

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में वीरवार को रेडक्रॉस कार्यालय करनाल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 50 युवाओं व युवतियों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 35 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

रेडक्रॉस सचिव कुलबीर मलिक ने सभी रक्तदाताओं को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया और युवाओं को रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूक किया। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से रक्तदान करने का आह्वान करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है और इससे जरूरतमंद मरीजों की जान बचाई जा सकती है।

रेडक्रॉस सचिव ने बताया कि वर्ष 2025-26 में जिला रेडक्रॉस द्वारा रेडक्रॉस कार्यालय में 12 रक्तदान शिविर लगाए गए, जिनमें अब तक 377 यूनिट रक्त एकत्रित किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए आगे भी नियमित रूप से रक्तदान शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे।

ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ. संजय वर्मा के नेतृत्व में सिविल अस्पताल की टीम ने रक्त एकत्रित किया। उन्होंने बताया कि शिविर में दो बेटियों ने भी रक्तदान कर महिलाओं को रक्तदान के प्रति प्रेरित किया।

इस अवसर पर कार्यवाहक जिला प्रशिक्षण अधिकारी राजपाल चौधरी, लेखा लिपिक प्रदीप नंदा, प्रोजेक्ट मैनेजर प्रमिला, लेखाकार सपना पाल, दर्शना सिंह काउंसलर, फर्स्ट एड लेक्चरर डॉ. नीना, नरेश पाल, श्वेता धीमन, डॉ. विक्रम, पुनीत पाराशर, प्रवीण सिंगला और रीना कॉर्डिनेटर आदि उपस्थित रहे।

### होली पर्व पर कानून व्यवस्था को सफलतापूर्वक बनाने पर आभार जताया

# आईपीएस अधिकारी का किया सम्मान

***भगत सिंह चौक मार्केट एसोसिएशन के सदस्यों ने गुलदस्ता भेंट किया***

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी

तरावड़ी में होली के पावन पर्व पर कानून व्यवस्था को सफलतापूर्वक बनाए रखने के लिए थाना तरावड़ी में प्रशिक्षणाधीन आईपीएस अधिकारी मिस दीपिका अग्रवाल का भगत सिंह चौक मार्केट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सम्मान किया।

इस अवसर पर एसोसिएशन के सदस्यों ने उन्हें गुलदस्ता भेंट कर आभार व्यक्त किया। मार्केट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष होली के पर्व पर शहर में कानून व्यवस्था बेहद सराहनीय रही। आईपीएस अधिकारी दीपिका अग्रवाल के कुशल नेतृत्व में पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क और सक्रिय नजर आया। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, बाजारों और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस की मुस्तैदी देखने को मिली, जिसके



**तरावड़ी।** थाना तरावड़ी प्रशिक्षणाधीन आईपीएस अधिकारी दीपिका अग्रवाल का एसोसिएशन पदाधिकारी सम्मान करते हुए। फोटो : हरिभूमि

कारण होली का त्योहार पूरी तरह शांति, भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

व्यापारियों ने कहा कि ऐसी सुदृढ़ कानून व्यवस्था पहले कभी देखने को नहीं मिली। पुलिस की सक्रियता और सतर्कता के कारण बाजारों में भी लोगों ने बिना किसी डर के होली के त्योहार का आनंद लिया। इसके लिए व्यापारियों ने पुलिस प्रशासन और विशेष रूप से आईपीएस अधिकारी दीपिका अग्रवाल का धन्यवाद किया।

इस मौके पर भगत सिंह चौक मार्केट एसोसिएशन की ओर से अशोक बंसल, जोगेंद्र आहूजा, डॉ. सुरेश गुप्ता, राकेश गर्ग, दीपक छाबड़ा, अमित अनेजा, सियाराम तथा नंदकिशोर भाटिया सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने पुलिस प्रशासन के प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी तरह शहर में शांति और सुरक्षा बनाए रखने की उम्मीद जताई।

## तरावड़ी में वार्ड-8 की ड्राफ्ट मतदाता सूची प्रकाशित, 7 तक दर्ज होंगी आपत्तियां

**तरावड़ी।** नगर पालिका तरावड़ी के वार्ड नंबर 8 की ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन 28 फरवरी शनिवार को कर दिया गया है। यह जानकारी नगर पालिका सचिव अजीत कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि ड्राफ्ट मतदाता सूची बीएलओ सेंटर 1 राजकीय प्राथमिक विद्यालय, डोडवा वार्ड नं. 8, तथा नगर पालिका कार्यालय, तरावड़ी में आमजन के अवलोकन के लिए उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जिला करनाल की आधिकारिक वेबसाइट पर भी देखी जा सकती है। सचिव अजीत कुमार ने बताया कि यदि किसी नागरिक को प्रकाशित मतदाता सूची के संबंध में कोई दावा या आपत्ति हो तो वह 7 मार्च सायं 5 बजे तक निर्धारित प्रपत्र भरकर संबंधित बीएलओ सेंटर पर जमा करा सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित तिथि और समय के बाद प्राप्त किसी भी दावा अथवा आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। नागरिकों से अपील की गई है कि वे समय रहते मतदाता सूची का अवलोकन कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें।

# होली मिलन में झलका उत्साह गुलाल लगाकर दीं शुभकामनाएं

***जेसीआई करनाल एजाइल ने निजी फार्म हाउस में आयोजित किया होली उत्सव***

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल



जेसीआई करनाल एजाइल की ओर से होली का पर्व उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। शहर के एक निजी फार्म हाउस में आयोजित कार्यक्रम में संस्था के सदस्यों व उनके परिवारों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और रंगों के इस पर्व को हर्षोल्लास से मनाया।

कार्यक्रम में होली और फिल्मी गीतों की धुन पर सदस्यों ने जमकर नृत्य किया। रंगों की बौछार और अपनों के प्यार ने माहौल को और भी खुशनुमा बना दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी कमल धवन उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि होली का त्योहार आपसी गिले-शिकवे भुलाकर प्रेम और भाईचारे को मजबूत करने का संदेश देता है। कार्यक्रम के परियोजना निदेशक जेसी नरेश सलूजा ने कहा कि होली आपसी प्यार, सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक है। यह पर्व राधा-कृष्ण के प्रेम का भी प्रतीक माना जाता है, जो समाज को प्रेम और सद्भाव का संदेश देता है।

जेसीआई करनाल एजाइल के प्रधान जेसी हिमांशु कालड़ा ने सभी जेसी परिवारों का रंग लगाकर स्वागत किया और सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन जेसी नंदन चावला ने किया, जबकि गुंजन अरोड़ा ने विभिन्न प्रतियोगिताएं और मनोरंजक गतिविधियां आयोजित कराईं। कार्यक्रम में बच्चों ने भी खूब मस्ती की और पूल में एक साथ सभी परिवारों ने रंगारंग माहौल का आनंद लिया। इस अवसर पर चेयरमैन अमित अरोड़ा, सचिव अलीप भाटिया, पूर्व प्रधान सार्थक मित्तल, विक्रांत गुप्ता, राजेश ढींगड़ा, अनील चौधरी, जेसी विक्रम चौधरी, हरसिमरन, विपुल भाटिया और गौरव आहूजा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# जनस्वास्थ्य विभाग के दो ट्यूबवेल खराब

### तीन वार्डों में पेयजल संकटः दो माह से एक या दो घंटे हो रही पानी की सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी

तरावड़ी में जनस्वास्थ्य विभाग के दो ट्यूबवेल खराब होने से तीन वार्डों में पेयजल संकट खड़ा हो गया है। पिछले दो माह से पानी की सप्लाई चौबीस घंटों में से एक या दो घंटे हो रही है। परेशान उपभोक्ता अपनी परेशानी को लेकर जनस्वास्थ्य विभाग के चक्कर लगा रहे है, लेकिन समस्या सुनकर व समझकर भी अधिकारियों ने दूसरे ट्यूबवेलों से जोड़ने की कोशिश की, लेकिन लोगों को परेशानी से निजात नही मिली। परेशान लोग अब पानी के लिए सड़क पर उतरने के लिए तैयार है।

**परेशान लोग अब पानी के लिए सड़क पर उतरने के लिए तैयार**

शहर के वार्ड न. 10, 11 व 12 में वाटर सप्लाई न आने से परेशान वार्ड वासी पवन मंगल, राजेश जैन, संजय मित्तल, राजीव चौधरी, रमेश चौधरी, नरेश गाबा, रिंकू चुघ, अमन शर्मा का कहना है कि करीब तीन माह पहले शहर के नगर पालिका कार्यालय में लगा ट्यूबवेल पानी के साथ मिट्टी देने लगा तो लोगों की शिकायत के बाद विभाग ने उसे साफ करवाने की कोशिश की, लेकिन जब समाधान न हुआ तो ट्यूबवेल को बंद कर दिया गया। इन लोगों का कहना है कि उस दिन से समस्या गहराती चली गई और अब तो यह स्थिति है कि पानी सुबह सात बजे से पहले आता है और उसके बाद अगले दिन शाम को पांच बजें जिसके चलते उनके लिए अपने दूसरे रोजमर्रा के काम करना तो दूर पेयजल के लिए भी आसपास लगे समर्सिबल पर ही निर्भर रहना पड़ रहा है। आगे गर्मी का मौसम आ रहा है समस्या ओर बढ़ जाएगी।

# डीएसजे ने प्लेस ऑफ सेफ्टी का किया निरीक्षण

***जुवेनाइलों से बातचीत कर सुविधाओं का लिया जायजा***

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा और मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव डॉ. इरम हसन ने वीरवार को प्लेस ऑफ सेफ्टी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां रह रहे जुवेनाइलों से बातचीत की और उन्हें उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान सीजेएम डॉ. इरम हसन ने जुवेनाइलों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया तथा उन्हें मुफ्त कानूनी सेवाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जरूरतमंद लोगों को निशुल्क कानूनी सहायता प्रदान की जाती है।



इसके बाद सीजेएम डॉ. इरम हसन ने बैंक प्रबंधकों, बीमा कंपनियों के प्रतिनिधियों और स्थायी लोक अदालत के सदस्यों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने 14 मार्च को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों का आपसी सहमति से निपटारा करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने बताया कि नेशनल लोक अदालत और मुफ्त कानूनी सेवाओं से संबंधित जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 0184-2266138 और 9466289646 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

## आत्मविश्वास को दर्शाने वाला नया अभियान द वन एंड ओनली कैंपेन शुरू

**करनाल।** ब्लेंडर्स प्राइड पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर ने अपना नया कैंपेन द वन एंड ओनली लॉन्च किया है, जो सफलता की अलग पहचान और विशिष्टता की शक्ति का उत्सव मनाता है। यह अभियान इस विचार पर आधारित है कि असली सफलता वही है जो व्यक्ति को दूसरों से अलग पहचान दिलाती है। नए कैंपेन में इस भावना को तीन चेहरों-अवंती नगरथ, किरनदीप चहल और माहिका शर्मा-के माध्यम से प्रस्तुत किया गया है। अवंती अपने निडर आत्मविश्वास और अनोखे अंदाज से आकर्षण पैदा करती हैं, किरनदीप अपनी प्रभावशाली और बेबाक मौजूदगी से लोगों को प्रभावित करती हैं, जबकि माहिका अपने संतुलित और शांत व्यक्तित्व से प्रेरणा देती हैं। पर्नोड रिकार्ड इंडिया की चीफ मार्केटिंग ऑफिसर देबाश्री दासगुप्ता ने कहा कि ब्लेंडर्स प्राइड हमेशा स्टाइल और प्रतिष्ठा के साथ सफलता की ताकत पर विश्वास करता रहा है। 'द वन एंड ओनली' अभियान उस नई सोच को दर्शाता है, जिसमें आज का युवा केवल सफलता ही नहीं बल्कि आत्मविश्वास के साथ अपनी अलग पहचान बनाना चाहता है।

### आर्य समाजों के सदस्यों ने 11 कुंडीय यज्ञ में दी आहुति

# वैदिक होली महोत्सव में भजन-कविताओं पर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

आर्य समाज सेक्टर 8-9 करनाल की ओर से आर्य केंद्रीय सभा के तत्वावधान में वैदिक होली महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन आर्य समाज सेक्टर-6 के भवन में हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में शहर के विभिन्न आर्य समाजों के सदस्य, ग्रामीण क्षेत्रों के आर्यजन तथा महिलाओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत आर्य पुरोहितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 11 कुंडीय यज्ञ में आहुति देकर की गई। इसके बाद उपस्थित श्रद्धालुओं को चंदन का तिलक लगाया गया। विभिन्न आर्य समाजों के सदस्यों और महिलाओं ने भजन तथा हास्य कविताओं की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय बना



दिया। सहारनपुर से आई प्रसिद्ध वैदिक भजन उपदेशिका संगीता आर्य ने प्रभु भक्ति, ऋषि भक्ति, देश भक्ति और होली के भजनों से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डीएवी स्कूल पानीपत की प्रधानाचार्य और शिक्षा रत्न से सम्मानित गुलशन हंस ने कहा कि होली का पर्व सामाजिक एकता, प्रेम और सद्भाव का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों को अच्छे संस्कार, अच्छे विचार और बेहतर व्यवहार की शिक्षा देना अत्यंत आवश्यक है।

कार्यक्रम का संचालन वेद मित्र आर्य ने किया। आर्य केंद्रीय सभा के प्रधान प्रोफेसर आनंद सिंह और आर्य समाज सेक्टर 8-9 के प्रधान भोपाल सिंह आर्य ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। शांति पाठ के बाद ऋषि लंगर का आयोजन भी किया गया।

**ये रहे मौजूद**

*इस अवसर पर सावित्री आर्य, स्वतंत्र कुकरेजा, विजयपाल तोमर, योगेश शर्मा, हंस गुलाटी, गीता छिकारा, नीलम रानी, अनीता कौशिक, राजदून, कौशल सचदेवा और प्रिया सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।*

# बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार भी दें : श्री कृष्ण जी

***छात्र-छात्राओं का सामूहिक जन्मदिन 21 कुंडीय यज्ञ के साथ मनाया***

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

सेवा भारती हरियाणा प्रदेश के प्रांत कार्यालय सेवा श्री आश्रम में श्री गोविंद निलयम आवासीय परिसर करनाल तथा माता जीजाबाई बालिका आवासीय परिसर पानीपत के छात्र-छात्राओं का सामूहिक जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 21 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के अनेक गणमान्य नागरिकों ने यजमान के रूप में भाग लेते हुए बच्चों को आशीर्वाद दिया।

कार्यक्रम में उत्तर क्षेत्र सेवा



प्रमुख श्री कृष्ण जी ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ उत्तम संस्कार देना भी आवश्यक है। परिवारों को जन्मदिवस और वर्षगांठ जैसे अवसर सनातन परंपरा के अनुसार मनाने चाहिए।

सेवा भारती के प्रांत महासचिव बहन पंकज कलेर ने बच्चों को आशीर्वचन देते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ता है और उनमें अच्छे संस्कार विकसित होते हैं।

इस अवसर पर विभाग संघचालक सुधीर जी, विभाग प्रचारक संजय जी, जिला प्रचारक लखपत, सेवा भारती के प्रांत सहकोषाध्यक्ष सुरेंद्र गोयल, प्रांत उपाध्यक्ष रोशन लाल गुप्ता, विभाग प्रमुख अश्विनी बेरी तथा सेवा श्री आश्रम के अध्यक्ष डॉ. श्याम वधवा, सचिव ऋषिपाल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# रंगों के त्योहार फाग पर जमकर बरसे रंग

- युवाओं से लेकर बुजुर्ग, महिलाओं, बच्चों ने जमकर फाग खेला, महिलाओं ने जमकर कोरडे का इस्तेमाल किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इसराना

रंगों का त्यौहार होली फाग पर जम के रंग बरसें। प्राचीन परम्पराओं को आगे बढ़ाने के लिए युवाओं में अलग ही नजारा देखने को मिला। गांव नौलथा, डाहर, बांध, अहर, कुराना, बुआना लाखू, मांडी, पलडी, इसराना के साथ.साथ अन्य गांवों में जम कर रंग गुलाल उड़े। युवाओं से लेकर बुजुर्ग, महिलाओं, बच्चों ने जम कर होली फाग खेला। महिलाओं ने जमकर कोरडे का इस्तेमाल किया। गांव नौल्था का फाग जो क्षेत्र में ऐतिहासिक फाग जाना जाता है वहां पर गांव में झांकियां निकाली गई ओर उसके बाद रंगों की डाट होली फाग खेली गई। गांव की 9 चौक चौराहों पर चौपालों पर रंग बरसाया गया।



इसराना। गांव नौल्था में चौपालों पर रंग के कढ़ाहे भरें हुए। फोटो : हरिभूमि



पानीपत। होली खेलते हुए बच्चा पार्टी फोटो : हरिभूमि



पानीपत। होली खेलते हुए बच्चा पार्टी फोटो : हरिभूमि

## प्रिंस मलिक ने किया बुआना लाखू का नाम रोशन



**इसराना।** हिमाचल प्रदेश के पालमपुर में हुई 22 वीं ऑल इंडिया डॉ. वाई एस परमार वालीवाल टूर्नामेंट में हरियाणा स्टेट की ओर से खेलते हुए विजेता बनकर जिले के बुआना लाखू गांव के प्रिंस मलिक प्रदेश व गांव का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता यूथ सर्विसेज एंड स्पोट्र्स डिपार्टमेंट हिमाचल प्रदेश द्वारा आयोजित करवाई गई थी। जिसमें देशभर से सर्वश्रेष्ठ आठ टीमें हिस्सा ले रही थी। प्रिंस मलिक जो भारतीय टीम के कप्तान रह चुके हैं और बहुत सी टूर्नामेंटों के लगातार विजेता रहे हैं। कई प्रतियोगिताओं में तो उन्होंने बेस्ट ब्लॉकर और बेस्ट सेमेसर का अवार्ड भी जीता है। इस प्रतियोगिता में भी हरियाणा स्टेट की टीम की ओर से खेलते हुए प्रिंस मलिक का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा है। उनकी टीम को ईनाम के रूप में दो लाख रुपये नकद और ट्रॉफी मिली है। गौरतलब है कि प्रिंस मलिक का पैतृक गांव इसराना उपमंडल मे बुआना लाखू पड़ता है। प्रिंस की इस उपलब्धि से उनके गांव में भी खुशी की लहर है। प्रिंस के पिता बलवान सिंह मलिक भी वालीबाल के बहुत बड़े खिलाड़ी रहे हैं। जो सीआईएसएफ से सेवानिवृत्त हैं। दादा लाखू सपोट्र्स एंड सोशल एसोसिएशन कि वरिष्ठ सदस्य नगेन्द्र मलिक ने प्रिंस की इस उपलब्धि पर खुशी जताई है और कहा है कि प्रिंस देश का गौरव है।



पानीपत। जनता की समस्याएं सुनते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

# जनता समाधान शिविर में 16 शिकायतों पर प्रशासन ने लिया संज्ञान

- अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिशि्चत किया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

जिला सचिवालय सभागार में आज आयोजित जनता समाधान शिविर में उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया के निर्देश पर सीईओ डॉ. किरण ने जन शिकायतों की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित 16 शिकायतें दर्ज की गईं, जिन पर प्रशासन ने तुरंत संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। सीईओ डॉ. किरण ने कहा कि सरकार का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित और पारदर्शी तरीके से समाधान करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए ताकि लोगों को सरकारी दफ्तरों के बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। डीडीपीओ राजेश शर्मा ने कहा कि पंचायत एवं विकास विभाग से संबंधित मामलों पर विभाग गंभीरता से कार्य कर रहा है और पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। वहीं डीएसपी सतीश वत्स ने कहा कि पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को भी गंभीरता से लिया जाता है और प्राप्त शिकायतों पर नियमानुसार जांच कर उचित कार्रवाई की जाती है, ताकि लोगों को न्याय मिल सके। प्रार्थी यशपाल मलिक ने कोर्ट परिसर की पार्किंग से अपने वीटा बूथ के चोरी होने तथा उसमे रखे सामान को लेकर चोरी की समस्या का हल करवाने को लेकर प्रार्थना पत्र दिया।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर चीफ इंजीनियर रमेश बागड़ी, एलडीएम राजकुमार, आईटीआई प्रिंसिपल डॉ. कृष्ण, डॉ. अमित पोरिया, कृषि विभाग से कार्यकारी अभियंता सुधीर, पुलिस विभाग के कंप्लेंड अधिकारी सुरेश सरोहा, महेश त्यागी, जोगिंदर, रमेश सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# दयालु-2 योजना के तहत पात्र लोगों को दी जाएगी सहायताः एडीसी डॉ. पंकज



पानीपत। दयालु 2 योजना को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते हुए एडीसी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

जिला सचिवालय सभागार में आज दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना-2 (दयालु-2) को लेकर जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना के तहत प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की गई तथा पात्र दावेदारों को दी जाने वाली सहायता राशि के निर्धारण पर चर्चा की गई। अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. पंकज ने कहा कि दयालु-2 योजना का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों को कठिन परिस्थितियों में आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त आवेदनों की पारदर्शी तरीके से जांच कर पात्र लाभार्थियों को समय पर सहायता राशि उपलब्ध कराई जाए। एडीसी ने कहा कि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि पात्र परिवारों को जल्द से जल्द राहत मिल सके। बैठक में एसडीएम मनदीप, एसडीएम समालखा अमित कुमार, एसडीएम इसराना नवदीप नैन, निगम संयुक्त आयुक्त मनी त्यागी के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लेकर मामलों के शीघ्र निस्तारण को लेकर अपने सुझाव भी दिए।

# कॉलेज में स्वयंसेवकों ने बनाए होली कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

आईबी कॉलेज के एनएसएस स्वयंसेवकों ने कॉलेज परिसर में होली का त्योहार मनाया। छात्रों ने खुद अपने हाथों से सुंदर होली काड्र्स तैयार किए। स्वयंसेवकों ने सबसे पहले कॉलेज के प्राचार्य डॉ.सतवीर सिंह को होली का कार्ड भेंट किया और पर्व की बधाई दी। इसके बाद सभी स्वयंसेवक कॉलेज के अलग-अलग विभागों में गए और वहां मौजूद सभी शिक्षकों और स्टाफ के सदस्यों को कार्ड बांटकर उनका आशीर्वाद लिया। इस पहल से पूरे कॉलेज का माहौल खुशियों और आपसी भाईचारे के रंगों से सराबोर हो गया। प्राचार्य डॉ.सतवीर सिंह ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है, बल्कि यह बुराई पर अच्छाई की जीत और आपसी दूरियां मिटाने का दिन है।



पानीपत। प्राचार्य डॉ .सतवीर सिंह को होली का कार्ड भेंट करते स्वयंसेवक ।

## ब्लेंडर्स प्राइड पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर ने द वन एंड ओनली लॉन्च किया

**पानीपत।** ब्लेंडर्स प्राइड पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर अपना नया कैंपेन द वन एंड ओनली लेकर आया है सफलता की एक नई और प्रभावशाली कहानी। आज के समय में जब सफलता के कई रूप दिखाई देते हैं और प्रतिस्पर्धा बढ़ गई हैं, तब ब्रांड एक सरल सच सामने लाता है। इस नए कैंपेन में इस भावना को तीन चेहरों अवंती नगरथ, किरनदीप चहल और माहका शर्मा के जरिए दिखाया गया है। ये तीनों ब्रांड के अलग.अलग पहलुओं को दर्शाती हैं। स्टाइल और गुणवत्ता से जुड़ा यह ब्रांड लगातार आधुनिक भारतीय संस्कृति में प्रेरणादायक सफलता को बढ़ावा देता। द वन एंड ओनली के साथ अब ब्रांड अपने अगले चरण की ओर बढ़ रहा है और नई पीढ़ी के उन युवाओं से जुड़ रहा है, जो केवल पहचान नहीं बल्कि सम्मान और प्रभाव भी चाहते हैं।




## प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण पर चर्चा

**कुरुक्षेत्र।** गीता निकेतन आवासीय विद्यालय, कुरुक्षेत्र में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा निर्देशित क्षमता निर्माण कार्यक्रम के अंतर्गत पर्यावरण शिक्षा एवं प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास, जैव विविधता, जल संरक्षण तथा प्राकृतिक संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग के प्रति जागरूक करना रहा,ताकि वे विद्यार्थियों में पर्यावरणीय चेतना विकसित कर सकें।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं माँ सरस्वती की वंदना के साथ हुआ। इस अवसर विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. नीलू ढल एवं डॉ. सुरेंद्र कौर सैनी उपस्थित रहीं। सर्वप्रथम डॉ. नीलू ढल ने पर्यावरण शिक्षा के महत्त्व, जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों, जल एवं ऊर्जा संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन तथा विद्यालय स्तर पर अपनाई जा सकने वाली व्यावहारिक गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला।




## रोटरी क्लब ने सिद्धार्थ अस्पताल में लगाया बोन मिनरल डेंसिटी कैंप

**शाहबाद।** रोटरी क्लब शाहाबाद मारकंडा द्वारा लाडवा रोड स्थित सिद्धार्थ अस्पताल में एक विशाल बीएमडी (बोन मिनरल डेंसिटी) चेकअप कैंप का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। प्रोजेक्ट चेयरमैन रोटरियन डॉ. दीपक शर्मा की कुशल देखरेख में आयोजित इस शिविर में क्षेत्र के कुल 102 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। कैंप के दौरान मरीजों के हड्डियों के घनत्व की निशुल्क जांच (इटऊ ळीर *) की गई और डॉक्टरी परामर्श के साथ-साथ जरूरतमंद मरीजों को मुफ्त दवाइयां भी वितरित की गईं। इस अवसर पर रोटरी अध्यक्ष रोटरियन डॉ. आर. एस. घुम्मन ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि रोटरी क्लब हमेशा से ही समाज के हर वर्ग तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुँचाने के लिए संकल्पित रहा है। उन्होंने बताया कि हड्डियों की कमजोरी को अक्सर लोग शुरूआती दौर में पहचान नहीं पाते, इसलिए इस तरह के कैंप लोगों को जागरूक करने और समय पर इलाज उपलब्ध कराने के लिए होते हैं। डॉ. घुम्मन ने क्लब के सेवा कार्यों को भविष्य में भी इसी तरह जारी रखने का आश्वासन दिया।

# कुवि कुलगुरु ने किया अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के ब्रोशर का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने गुरुवार को 8 से 10 अप्रैल 2026 तक विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में कुरुक्षेत्रः थ्रू द एजिस विषय पर आयोजित होने वाले तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के ब्रोशर का विमोचन किया। यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन विश्वविद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग द्वारा श्रीमद्भगवद्गीता अध्ययन केंद्र, इंडियन काउंसिल ऑफ हिस्टोरिकल रिसर्च, नई दिल्ली तथा विजन कुरुक्षेत्र के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। ब्रोशर विमोचन के अवसर पर कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि ऐसे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन ज्ञान-विनिमय के महत्वपूर्ण मंच होते है। अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के निदेशक प्रो. भगत सिंह ने बताया कि सम्मेलन में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज मौजूद रहेंगे।



कुरुक्षेत्र। ब्रोशर का विमोचन करते कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ।

# मेहंदी आर्टिस्ट युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत शहर की सांई कॉलोनी निवासी एक 25 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। युवक बुधवार रात को काम के सिलसिले में घर से निकला था, लेकिन सुबह उझा गेट के पास अचेत अवस्था में मिला। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। मृतक के भाई अर्जुन ने बताया कि 25 वर्षीय अरुण पेशे से मेहंदी आर्टिस्ट था और अक्सर ऑनलाइन ऑर्डर मिलने पर रात के समय भी काम के लिए बाहर जाता था। गत 4 मार्च की शाम करीब 8 बजे वह अपने एक दोस्त की बाइक लेकर घर से यह कहकर निकला था कि वह कुछ ही देर में वापस आ जाएगा। जब अरुण रात भर घर नहीं लौटा, तो परिजनों को लगा कि वह शायद मेहंदी लगाने के किसी काम में व्यस्त हो गया होगा और वहीं रुक गया होगा। लेकिन गुरुवार सुबह कॉलोनी वासियों ने अरुण को उझा गेट के पास बेसुध हालत में जमीन पर पड़ा देखा। उसके पास ही दोस्त की वह बाइक भी पड़ी हुई थी जिसे वह लेकर निकला था। आनन.फानन में अरुण को सिवाह स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल के शव गृह में रखवाया गया। अरुण शादीशुदा था और उसकी एक छोटी बेटी है। उसकी अचानक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और घर में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों को अंदेशा है कि यह हादसा या किसी रंजिश का परिणाम हो सकता है।

## सीएम विंडो समाधान शिविर में जनता की समस्याओं का किया गया त्वरित निपटारा

**पानीपत।** लघु सचिवालय के प्रथम तल पर सीएम विंडो के एमिनेंट पर्सन रामनिवास कौशिक द्वारा समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें आम जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। इस शिविर में कुल 7 शिकायतें प्राप्त हुईंए जिनमें 2 शिकायतें सीएम विंडो के माध्यम से प्राप्त हुई थी, 5 शिकायतें समाधान शिविर के दौरान दर्ज की गईं। समाधान के लिए दर्ज कराई गई कुल समस्याओं में से 3 शिकायतों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को शीघ्र समाधान के लिए भेज दिया गया है ताकि नागरिकों की शिकायतों का जल्द से जल्द समाधान होकर राहत मिल सके। राम निवास कौशिक ने कहा कि ऐसे समाधान शिविरों का उद्देश्य जनता और प्रशासन के बीच सेतु बनाकर समस्याओं का पारदर्शी व प्रभावी समाधान करना है।

**मांग** विधायक विज ने इस समस्या के समाधान के लिए वैकल्पिक उपाय करने की मांग की

# विधायक विज ने किराएदारों को परिवार पहचान पत्र बनवाने में आ रही परेशानी का उठाया मुद्दा

- मंत्री ने दिया फिजिकल वेरिफिकेशन का आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत शहर विधायक लगातार जनहित से जुड़े मुद्दों को विधानसभा में उठा रहे हैं। हरियाणा विधानसभा के चल रहे बजट सत्र के दौरान बुधवार को पानीपत शहर विधायक प्रमोद विज ने परिवार पहचान पत्र के लिए संपत्ति पहचान की अनिवार्यता को लेकर प्रश्न उठाया और किराएदारों के पास संपत्ति पहचान (प्रॉपर्टी आईडी) न होने के कारण परिवार पहचान पत्र बनाने में आ रही समस्या के समाधान की मांग की। विधायक विज के प्रश्न पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी ने इस समस्या के समाधान के लिए आवेदक की फिजिकल वेरिफिकेशन एक सप्ताह के भीतर करवाने का आश्वासन दिया। पानीपत शहर विधायक प्रमोद विज ने बुधवार को विधानसभा सत्र में प्रश्न उठाया कि शहर में किराएदारों को अपना परिवार पहचान पत्र बनवाने के लिए प्रॉपर्टी आईडी देना जरुरी है लेकिन उनकी अपनी संपत्ति न होने के कारण जब वे अपने मकान मालिक से प्रॉपर्टी आईडी मांगते हैं तो मकान मालिक प्रॉपर्टी आईडी देने से मना कर देते हैं। इस वजह से किराए पर रहने वाले परिवार की फॅमिली आईडी नहीं बन पाती। विधायक विज ने इस समस्या के समाधान के लिए वैकल्पिक उपाय करने की मांग की। एक सप्ताह में करेंगे फिजिकल वेरिफिकेशन – कृष्ण बेदीसामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में जुलाई 2024 से परिवार पहचान पत्र बनाने के लिए संपत्ति आईडी अनिवार्य की गई है जिसका उद्देश्य पते का सत्यापन और प्रमाणीकरण है। प्रॉपर्टी आईडी देने से मकान मालिक के स्वामित्व पर कोई असर नहीं पड़ता। उन्होंने कहा कि किराएदारों को फिजिकल वेरिफिकेशन से पते का सत्यापन करवाने के लिए आवेदन करना होगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि विभाग आवेदन पर कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट दे देगा।



**न्यायालय माननीय नायब तहसीलदार कम संयुक्त सब रजिस्ट्रार पानीपत**

मैं 1 रूची मलिक धर्मपत्नी स्व. श्री आशीष मलिक पुत्र श्री विद्या सागर मलिक निवासी 5 गोल मार्केट माडल टाउन पानीपत।
प्रार्थीया
बनाम
जनरल पब्लिक

हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि रूचि मलिक पत्नी स्व. आशीष मलिक पुत्र श्री विद्या सागर मलिक निवासी 5 गोल मार्केट माडल टाउन जिला पानीपत ने दस्तावेज पंजीकृत हेतू मेरे कार्यालय में पेश किया है जिसमे स्पष्ट रूप से बताया गया है कि आशीष मलिक पुत्र श्री विद्या सागर मलिक की दिनांक 18/11/2019 को मृत्यु हो चुकी है। मेरे पति स्व. श्री आशीष मलिक की मृत्यु के बाद हम 1 शान्ता मलिक माता 2 रूचि मलिक पत्नी 3 रावी मलिक पुत्री 4-वेदान्त मलिक पुत्र निवासीगण 5 गोल मार्केट माडल टाउन जिला पानीपत कानूनी वारिस हैं इनके इलावा और कोई अन्य वारिस नहीं है। जिसके सम्बंध में प्राथीर्या ने शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिए इस नोटिस के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक श्री आशीष मलिक के वारिस/उतराधिकारी बाबत कोई शक या ऐतराज हो तो वह स्वंय या अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर अन्दर उपरोक्त कार्यालय मे कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज पंजीकृत कर दिया जाऐगा। यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 02.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/– नायब तहसीलदार-कम-संयुक्त सब रजिस्ट्रार, पानीपत

**न्यायालय तहसीलदार कम-सब-रजिस्ट्रार पानीपत**

दीवान्शु वधवा पुत्र स्वर्गीय श्री सुरेन्द्र कुमार पुत्र श्री नानक चन्द निवासी मकान नम्बर 20-ए, देसराज कालोनी, गली नम्बर 1, पानीपत
बनाम
जनरल पब्लिक

इस इश्तहर के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि दीवान्शु वधवा पुत्र स्वर्गीय श्री सुरेन्द्र कुमार पुत्र श्री नानक चन्द निवासी मकान नम्बर 20-ए, देसराज कालोनी, गली नम्बर 1, पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतु इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमें स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के पिता श्री सुरेन्द्र कुमार पुत्र श्री नानक चन्द दिनांक 12.03.2025 को स्वर्गवास हो चुके है व प्रार्थी की दादी शान्ति देवी काफी अरसे पहले स्वर्गवास हो चुकी है। मृतक स्वर्गीय श्री सुरेन्द्र कुमार के देहान्त के बाद उनके निम्न वारिस है 1. गीता पत्नी 2. दीवान्शु वधवा पुत्र 3. मोहित वधवा पुत्र 4. कुनाल पुत्र है। अमित नारंग पार्षद वार्ड नम्बर 18 व रवि पटवारी हल्का द्वारा भी अपनी रिपोर्ट में निम्न वारसान की तसदीक की गई है।
इनके इलावा मृतक का अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बन्ध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार / नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस / उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 15 दिन के अन्दर-2 उपरोक्त कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।
यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 02.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

तहसीलदार-कम सब-रजिस्ट्रार पानीपत।

## खबर संक्षेप

### छात्र की कामयाबी पर खुशी जताई

**शहजादपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लाहा के कक्षा 10 वीं के छात्र रूपेश का इंस्पायर मानक अवार्ड प्रतियोगिता में जिला स्तर पर चयन होने पर विद्यालय में खुशी का माहौल है। इस उपलब्धि पर विद्यालय में प्रधानाचार्य मंजू रानी की अध्यक्षता में एक कार्यक्रम आयोजित कर छात्र को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य मंजू रानी ने छात्र रूपेश को मिठाई खिलाकर उसे शुभकामनाएं दीं और उसके उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विज्ञान अध्यापिका मुक्ता देवी को भी बधाई दी।

### डकैती करने वाले गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

**अंबाला।** सीआईए-1 की टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए हथियार के बल पर डकैती डालने वाले गिरोह के चौथे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान सुलताना के रूप में हुई है। सीआईए-1 निरीक्षक हरजिंद्र सिंह ने बताया कि यह वारदात 02 जुलाई 2025 को अंबाला शहर की सोनिया कॉलोनी के पास घटित हुई थी। यहां लगभग 6 बदमाशों ने गांव सिंघावाला के रहने वाले एक दंपत्ति को हथियार दिखाकर डराया-धमकाया और उनसे भारी मात्रा में नकदी व जेवरात लूट लिए थे। इस संबंध में पुलिस ने मामला दर्ज किया गया था। पकड़े गएआरोपी को पुलिस ने 3 दिन के रिमांड पर लिया है। उसके कब्जे से डकैती की राशि में से 20,000 रुपये नकद बरामद किए गए हैं।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पड़ाव में दर्ज चोरी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी अजय कुमार को गिरफ्तार किया है। परिवादी अमित ने 3 मार्च 2026 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 27 फरवरी 2026 से 03 मार्च 2026 के दौरान आरोपी ने पुरानी रेलवे कॉलोनी कुछ सामान चोरी किया था। इसके अलावा 1500 किलो सरिया, सबमर्सिबल मोटर व 25 शटरिंग प्लेट चोरी करने का प्रयास भी किया आरोपी मौका से फरार हो गया था। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### समाधान शिविर में सुनी एसडीएम ने समस्याएं

**शहजादपुर।** उपमण्डल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम शिवजीत भारती ने आमजन की समस्याएं सुनीं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को उनके शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। इस अवसर पर नायब तहसीलदार सुनील कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। समाधान शिविर में नगरपालिका नारायणगढ़ के वार्ड नंबर 12 की महिला पलविंद्र कौर ने परिवार पहचान पत्र में दर्ज आय कम करवाने का अनुरोध किया। गांव मिर्जापुर काठ के बेअंत सिंह और उनकी पत्नी मनजीत कौर अपनी शिकायत लेकर शिविर में पहुंचे। उन्होंने बताया कि उनके परिवार पहचान पत्र में उन्हें तलाकशुदा दर्शाया गया है जबकि उनके बीच कभी किसी प्रकार का विवाद नहीं हुआ।

पूर्व राज्यमंत्री भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में बोले

# 300 करोड़ रुपये की लागत से वीटा मिल्क प्लांट बनाया जाएगाः असीम

**पूर्व राज्यमंत्री बोले-5 लाख लीटर दूध की क्षमता प्रतिदिन होगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


अंबाला। मीडिया से बातचीत करते पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल। फोटो : हरिभूमि

पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने होली के पावन अवसर पूरे प्रदेश के हर कौने में बजट के माध्यम से समृद्ध, सुखद, शांति के रंगों की बौछार की है। लगभग 2 करोड़ 80 लाख प्रदेशवासियों के हितों की चिंता करते हुए पूर्ण समावेशी व सबके हितों को ध्यान में रखते हुए बजट पेश किया है। अंबाला के लिए भी बजट में अभूतपूर्व घोषणाएं हुई हैं जिसके लिए वे मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हैं। पूर्व राज्यमंत्री भाजपा अंब कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने पत्रकार साथियों को भी होली पर्व की बधाई दी। गोयल ने होली पर्व की प्रदेशवासियों व जिलावासियों को रंगों के इस पावन त्यौहार की बधाई देते हुए उनके जीवन में भी खुशियों एवं समृद्धि आए इसकी प्रभु से कामना की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने जो बजट पेश किया है वह बेहद ही सराहनीय है। सभी के हितों को ध्यान में रखकर इसे पेश किया गया है। प्रदेश की यात्रा जब शुरू हुई थी उस समय 154 करोड़ से बजट की शुरूआत हुई थी अब यह बजट 60 वर्षों के बाद 2 लाख 23 हजार करोड़ रूपए का हो गया है। यह सुखद स्थिति वाला बजट है। निवेशकों के लिए भी यह बजट काफी बेहतर होगा। निवेशक प्रदेश में आकर निवेश करना चाहता है क्योंकि यहां पर वह सुरक्षित है और यहां पर बेहतर वातावरण है।

#### प्रदेश देश के शीर्ष राज्यों में शुमार

पूर्व राज्यमंत्री ने यह भी कहा कि यमुना मिशन के माध्यम से यमुना नदी को प्रदूषण मुक्त करने की दिशा में काम किया जाएगा। सिंचाई के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों के लिए भी बजट में राहत दी गई है। कहा कि जिले के लिए भी इस बजट में अनेकों सौगातें हैं। लगभग 300 करोड़ की लागत से वीटा मिल्क प्लांट बनाया जाएगा। जिसमें 5 लाख लीटर दूध की क्षमता प्रतिदिन होगी और इसी तरह का डेयरी प्लांट रेवाड़ी में भी 300 करोड़ की लागत से बनाया जाएगा। अंबाला शहर को उच्च शहरों की श्रेणी में शामिल किया जाना भी सराहनीय कार्य है। इससे अंबाला शहर और सुंदर एवं विकसित होगा। वीटा मिल्क प्लांट, रेल कनेक्टीविटी, अंबाला में नौ नए सेक्टरों के साथ-साथ अन्य कार्यों की सौगात होना बजट में दर्शाया गया है। इसके साथ-साथ प्रदेश की 8 सीएचसी को उन्नत बनाने का कार्य किया जाना जिसमें अंबाला शहर की चौडमस्तपुर सीएचसी शामिल है। उन्होंने कहा कि बजट में हर वर्ग के हित को ध्यान में रखकर इसे बनाया गया है। गोयल ने इस मौके पर यह भी कहा कि प्रदेश देश के शीर्ष राज्यों में शुमार हो गया है। जीडीपी की बात करें तो 4 प्रतिशत की भागेदारी सुनिश्चित हुई है। वर्ष 2047 के विजन को ध्यान में रखते इसे बनाया गया है। देश अब विकाशील देश की श्रेणी में आ गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प लिया है उसके दृष्टिगत हर वर्ग के हित को ध्यान में रखते मुख्यमंत्री ने इसे पेश किया है।

#### हर वायदा पूरा होगा

पूर्व राज्यमंत्री ने इस मौके पर यह भी कहा कि भाजपा सरकार ने चुनाव से पहले जो वायदे संकल्प पत्र के माध्यम से किए थे उसे पूरा करने की दिशा में तेजी से कार्य किए जा रहे हैं। डेढ़ वर्ष के अंतराल में 60 वायदों को पूरा कर दिया गया है। 120 पर तेजी से काम किया जा रहा है। विकास की दृष्टि से 10 आईएमटी प्रदेश में लगाई जाऐंगी जिनमें से अंबाला शहर व नारायणगढ़ में आईएमटी की सौगात मिलना हमारे लिए गर्व की बात है। अंबाला शहर में आईएमटी के दृष्टिगत रजिस्ट्रियां भी शुरू हो गई हैं। लाडो लक्ष्मी योजना के तहत पात्र महिलाओं को 2100 रुपये की राशि दी जा रही है। बजट में इसके लिए 6500 करोड की राशि का प्रावधान किया है। बताया कि बजट के तहत 2200 सुझाव प्राप्त थे7 इसके साथ-साथ ई-मेल व ऑनलाईन माध्यम से भी 12400 सुझाव भी प्राप्त हुए है।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, जिला परिषद के चेयरमैन सरदार मक्खन सिंह लबाना, मार्किट कमेटी के चेयरमैन जसविंद्र सिंह उगाड़ा, मंडल अध्यक्ष गुरविंद्र सिंह , मंडल अध्यक्ष दिनेश लदाणा, विधानसभा संयोजक रितेश गोयल, भाजपा पदाधिकारी संजीव गोयल टोनी, हितेष जैन, शोभा पूनिया, गुरजंट सिंह के साथ-साथ अन्य भाजपा कार्यकर्तागण व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# होला मोहल्ला समागम श्रद्धा के साथ संपन्न


अंबाला। आयोजित समागम में कीर्तन करते दलजीत सिंह व उपस्थित संगत।

- बाबा दलजीत बोले-होला मोहल्ला खालसा पंथ की चढ़दी कला का प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

डेरा संत बाबा दलजीत सिंह में तीन दिवसीय होला मोहल्ला समागम बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। समागम के दौरान दूर-दराज से आई संगत ने गुरु घर में हाजिरी लगाकर गुरु की वाणी का श्रवण किया। साथ ही आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत श्री अखंड पाठ साहिब जी के भोग के साथ हुई। इसके उपरांत श्री निशान साहिब की सेवा की गई।

इसके पश्चात भव्य कीर्तन दरबार सजाए गए। इनमें प्रसिद्ध रागी और ढाडी जत्थों ने अपनी हाजिरी लगाई। रागी लखविंद्र सिंह शाहबाद वाले, बीबी मनप्रीत कौर खालसा दिल्ली वाले, बीबी कमल गिल दिल्ली वाले, भाई तजिंद्र सिंह बराड़ा वाले, ढाड़ी जत्था भाई सुखदेव सिंह जी रोपड़ वाले, भाई सुखजिंद्र सिंह चंडीगढ़ वाले ने गुरबाणी कीर्तन कर संगत को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने कथा और कीर्तन के माध्यम से गुरु साहिबानों के इतिहास और उनके उपदेशों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

#### सेवादार सम्मानित

इस अवसर पर संत बाबा दलजीत सिंह बराड़ा वाले ने संगत को होला मोहल्ला समागम की लख-लख बधाइयां दीं। उन्होंने अपने प्रवचन में होला मोहल्ला के ऐतिहासिक महत्व और इसकी परंपरा के बारे में संगत को बताया तथा गुरु के मार्ग पर चलने और आपसी प्रेम, भाईचारे व सेवा भावना को अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यह त्योहार खालसा पंथ की चढ़दी कला का प्रतीक है। उन्होंने संगत को श्रीगुरू ग्रंथ साहिब की पवित्र वाणी को मन में स्थापित करके सेवा और सिमरन में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर श्री अखंड पाठ साहिब व अन्य सेवा प्रदान करने वाले सेवादारों को सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर गुरु का लंगर भी परोसा गया।

## संत बाबा मोहन सिंह की 33वीं बरसी श्रद्धा व धूमधाम से मनाई

- राग़ी जत्थे द्वारा शब्द कीर्तन प्रस्तुत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

संत मोहन सिंह पब्लिक स्कूल में संत बाबा मोहन सिंह की 33वीं बरसी श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर प्रात श्री गुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ का शुभारंभ किया गया। सुबह और शाम बाबा का अटूट लंगर बरताया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके उपरांत टाडी जत्थे ने संगत को बाबा के जीवन और उनके इतिहास से अवगत कराया। बाद में रागी जत्थे द्वारा शब्द कीर्तन प्रस्तुत किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया और संगत भाव-विभोर हो उठी। इस अवसर पर स्कूल के प्रिंसिपल वरिंद्र कौर ने विद्यालय की वार्षिक उपलब्धियों की जानकारी संगत के साथ सांझा की। उन्होंने कहा कि बाबा द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में लगाया गया यह पौधा अब एक विशाल वृक्ष का रूप ले चुका है। हर वर्ष बच्चे इसकी छाया में ज्ञान का फल प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि विद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। कार्यक्रम के अंत में स्कूल प्रिंसिपल ने उपस्थित सभी श्रद्धालुओं और संगत का तहे दिल से धन्यवाद किया।

## देवीसा ज्वेलरी ने की 1 प्रतिग्राम फिक्स्ड मेकिंग चार्ज की शुरुआत

- पारदर्शीमूल्य निर्धारण और ग्राहकों के लिए आसान, भरोसेमंद खरीदारी अनुभव के साथ गोल्ड ज्वेलरी शॉपिंग को दे रहा है नया आयाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



राजधानी के ज्वेलरी बाजार में पारदर्शिता और सादगी का नया मानक स्थापित करते हुए देवीसा ज्वेलरी ने करोल बाग स्थित अपने फ्लैगशिप शोरूम में ₹1 प्रतिग्राम फिक्स्ड मेकिंग चार्ज की अनोखी पहल शुरू की है। यह नई मूल्य प्रणाली ग्राहकों को स्पष्ट, स्थिर और भरोसेमंद खरीदारी अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से तैयार की गई है। सोने की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव के बीच ज्वेलरी खरीदते समय बिल को लेकर अक्सर असमंजस बना रहता है। इसी प्रक्रिया को सरल और समझने योग्य बनाने के लिए ब्रांड ने एक फिक्स्ड-रेट मॉडल अपनाया है, जिससे मेकिंग चार्जहमेशा स्थिर और स्पष्ट रहता है। इस मॉडल में कारीगरी की लागत को सोने की कीमत से अलग रखा गया है, ताकिग्राहक केवल वास्तविक कारीगरी का ही भुगतान करें। इस पहल के पीछे अपने विचार साझा करते ब्रांड कहता है, "अब तुम्हारे सोने की कीमत बढ़ेगीङ्क हमारी मेकिंग नहीं।" बैंक स्ट्रीट, नलवाला एस्टेट, करोल बाग स्थित देवीसा ज्वेलरी शोरूम में हॉलमार्कर्डगोल्ड ज्वेलरी की विस्तृत रेंज उपलब्ध है, जिसमें कुंदन, जड़ाऊ, टेंपल, एंटीक और प्लेन गोल्ड कलेक्शन शामिल हैं। साथ ही सर्टिफाइड नैचुरल डायमंड ज्वेलरी, ब्राइडल सेट्स और गिफ्टिंग व निवेश के लिए सिल्वर कॉइन्स भी उपलब्ध हैं। यह स्टोर पारंपरिक कारीगरी और आधुनिक डिजाइन का सुंदर मेल पेश करता है, साथ ही ग्राहकों को एक आरामदायक, आधुनिक और विश्वसनीय शॉपिंग अनुभव प्रदान करता है। मूल्य को और सरल तरीके से समझाने के लिए ब्रांड उदाहरण देता है, यदि कोई ग्राहक 22KT हॉलमार्क्ड20 ग्राम की गोल्ड चेन खरीदता है, तो मेकिंग चार्जकेवल रूपये 20 होगा। इसी प्रकार, 70 ग्राम नेट वज़न वाले एंटीक गोल्ड सेट पर मेकिंग चार्जसिर्फरूपये 70 लिया जाएगा — जो केवल नेट वज़न के आधार पर तय होगा। इस पहल के माध्यम से देवीसा ज्वेलरी ईमानदार मूल्य निर्धारण, ग्राहक विश्वास और सहज खरीदारी अनुभव के प्रतिअपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत कर रहा है।

# ट्रांसपोर्टर राजेश तलवार की सदस्यता बहाल

- डीआर का फैसला, कहा अंबाला क्लब ने गैरकानूनी तरीके से टर्मिनेट की सदस्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला


राजेश तलवार।

अंबाला शहर के मशहूर ट्रांसपोर्टर राजेश तलवार की सदस्यता बहाल हो गई। डिस्ट्रिक रजिस्ट्रार की ओर से इस सिलसिले में अंबाला क्लब के प्रेजिडेंट व सचिव को सदस्यता बहाली के आदेश जारी कर दिए। अंबाला क्लब की ओर से गैरकानूनी तरीके से राजेश तलवार की सदस्यता को टर्मिनेट कर दिया था। इसके इसके बाद तलवार की ओर से मामले को लेकर डिस्ट्रिक रजिस्टार के समक्ष एक याचिका दायर कर अंबाला क्लब के फैसले को चुनौती दी थी। बता दें कि अंबाला क्लब के चुनाव निष्पक्ष ढंग से न होने पर ट्रांसपोर्टर राजेश तलवार ने कड़े सवाल उठाए थे। चुनाव पर ऐतराज जताने की वजह से अंबाला क्लब की ओर से राजेश तलवार की सदस्यता निरस्त कर दी थी। तभी राजेश तलवार की ओर से 16 जनवरी को जिला रजिस्ट्रार के समक्ष सदस्यता बहाली के लिए याचिका दायर की गई थी। उसी याचिका पर सुनवाई के दौरान डिस्ट्रिक रजिस्ट्रार ने अंबाला क्लब के तमाम आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए अपना फैसला सुनाया।

#### क्लब के नियमों को नहीं तोड़ा था

ट्रांसपोर्टर की ओर से मामले की पैरवी कर रहे सीनियर एडवोकेट आदित्य वर्मा ने बताया कि अंबाला क्लब की ओर से उनके मुवक्किल की सदस्यता गैरकानूनी तरीके से टर्मिनेट की थी। बताया कि राजेश अंबाला क्लब चुनाव में प्रेजिडेंट पद के उम्मीदवार थे। मगर उनका नामांकन पत्र गैरकानूनी तरीके से रद्द कर दिया था। तब उन्होंने संवैधानिकता के दायरे में चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाए थे। एडवोकेट वर्मा ने बताया कि उनके मुवक्किल को अंबाला क्लब की ओर से 15 नवंबर 2025 को एक कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। नोटिस में सात दिन की समय सीमा तय कर प्रेस कांफ्रेंस कर नियम तोड़ने के आरोप लगाए थे। मगर ये तमाम आरोप पूरी तरह से बुनियाद हैं। प्रेस कांफ्रेंस के जरिए किसी तरह से भी अंबाला क्लब के नियमों को नहीं तोड़ा गया था। वर्मा ने बताया कि अंबाला क्लब की ओर से जारी नोटिस का समय पर जवाब दिया गया। मगर हमारे जवाब को रिफ्यूज्ड कर वापिस भेज दिया गया। 9 दिसंबर 2025 को क्लब के संजय सेठी की ओर से नए अनप्रूव्ड कानून का हवाला देकर राजेश तलवार की सदस्यता को टर्मिनेट कर दिया गया। उन्होंने बताया कि जिस कानून का हवाला देकर राजेश तलवार की सदस्यता भंग की गई उसे डिस्ट्रिक रजिस्ट्रार ने कभी मान्यता ही नहीं दी है। कहा कि क्लब के गैरकानूनी तरीके से चुने पदाधिकारियों ने राजेश तलवार की सदस्यता को गैरकानूनी तरीके से भंग किया था।

#### वर्षों से क्लब के सदस्य

एडवोकेट आदित्य वर्मा ने बताया कि उनके मुवक्किल राजेश तलवार अंबाला के जाने माने ट्रांसपोर्टर हैं। समाज में उनकी अपनी अलग पहचान हैं। धार्मिक व सामाजिक कार्यों में उनकी हमेशा अहम भागेदारी रहती है। मगर जिस तरह से अंबाला क्लब प्रबंधन की ओर से उनकी सदस्यता भंग कर उन्हें नीचा दिखाने का प्रयास किया गया वह पूरी तरह से गलत है। वर्मा ने बताया कि राजेश सालों से अंबाला क्लब के सदस्य हैं। वे हमेशा क्लब के संविधान के दायरे में चलते हैं। समय पर अपने ड्यूज क्लीयर करते हैं। कभी क्लब के डिफॉल्टर सदस्यों की सूची में उनका नाम तक नहीं आया। मगर उनकी सदस्यता भंग कर एक नोटिस अंबाला क्लब के बोर्ड पर लगाकर उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाया गया।

## ऑनलाइन ट्रेडिंग का झांसा देकर 5.48 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर में एक युवक के साथ ऑनलाइन ट्रेडिंग का झांसा देकर 5 लाख 48 हजार 242 रुपये की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने थाना साइबर क्राइम अंबाला में शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता सचिन कुमार गुप्ता ने बताया कि वह बावा विहार सेक्टर-9 रहता है। उसने बताया कि 19 जनवरी 2026 को उसके मोबाइल पर एक कॉल आई। कॉल करने वाली महिला ने अपना नाम दिव्या शर्मा बताया और पार्ट टाइम जॉब का ऑफर दिया, जिसमें रोजाना एक हजार रुपए कमाई का दावा किया गया। इसके बाद उसे टेलीग्राम अकाउंट से संपर्क करने को कहा गया। वहां से श्रुति राय नामक व्यक्ति ने कुछ वेबसाइट्स पर क्लिक कर स्क्रीनशॉट भेजने को कहा। ऐसा करने पर उसे 1000 रुपए के बदले 1400 रुपए वापस मिले, जिससे उसका भरोसा बढ़ गया। इसके बाद उसे वेबसाइट पर रजिस्टर करने को कहा गया और आगे के टास्क के लिए टेलीग्राम अकाउंट से संपर्क कराया गया। वहां कार्तिक मल्होत्रा नामक व्यक्ति ने उसे ट्रेडिंग करने के लिए कहा। फिर उसे अलग-अलग बैंक खातों में पैसे डालने के निर्देश दिए गए, जिन्हें ट्रेडिंग में लगाने का दावा किया गया।

### नौ मार्च को किसानों का दिल्ली कूच : रतन मान

**जींद।** शिव कॉलोनी में किसान भवन में वीरवार को भारतीय किसान यूनियन की बैठक हुई। अध्यक्षता ओमप्रकाश लोहान राजपुरा भैण ने की। इसमें मुख्यअतिथि के रूप में भाकियू प्रदेशाध्यक्ष रतनमान ने शिरकत की। रत्नमान ने कहा कि नौ मार्च को दिल्ली में राष्ट्रीय संयुक्त किसान मोर्चा की रैली में किसान ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचेंगे। वहीं 26 जनवरी को ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा में बलिदान किसान के परिवार को उचित मुआवजा देने और परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की मांग की। कहा कि मांग पूरी नहीं हुई तो भाकियू आंदोलन करने पर मजबूर होगी। वहीं रबी की फसलों की खरीद समय पर शुरू करवाएं और मंडियों में किसानों की सुविधाओं का ध्यान रखा जाए। कहा कि 10 को डीसी से मुलाकात कर बलिदान किसान के परिवार के लिए आर्थिक मदद व नौकरी देने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया जाएगा।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

भारतीय योग संस्थान में पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया

# योग साधकों ने फूलों की होली खेली, गुलाल लगाकर दी शुभकामनाएं

**युवाओं सहित बड़ी संख्या में योग साधकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर


शहजादपुर। होली खेलते संस्था के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

भारतीय योग संस्थान में होली का पावन पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। जॉन प्रधान संजय धीमान ने बताया कि संस्थान के काफी संख्या में योग साधकों ने प्रातःकालीन योग कक्षा में भाग लिया, जिसमें कनिका अग्रवाल द्वारा सबसे पहले सामूहिक योगाभ्यास करवाया गया। इसके पश्चात पंडित रमाशंकर द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना कराई गई और सभी योग साधकों ने फूलों की होली खेलकर एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। इसके बाद सभी को शगुन स्वरूप गुलाल लगाकर होली की बधाई दी गई। इस अवसर की विशेषता यह रही कि महिला शक्ति, बच्चों, बुजुर्गों तथा युवाओं सहित बड़ी संख्या में योग साधकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी को होली के उपलक्ष्य में गुजिया खिलाई गई तथा नियमित योग करने का संकल्प भी दोहराया गया। उपस्थित सभी साधकों ने इस आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की।

#### ये रहे मौजूद

केंद्र प्रमुख मीनाक्षी वालिया ने कहा कि अपनी समृद्ध भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार में भारतीय योग संस्थान सदैव अग्रणी भूमिका निभाता रहा है। संस्थान सभी तीज-त्योहार, महापुरुषों की जयंतियां एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम योग कक्षा में बड़े ही धूमधाम से मनाता है। उन्होंने नगरवासियों से नियमित रूप से योग कक्षा में सम्मिलित होकर स्वास्थ्य लाभ लेने का आह्वान किया। संजय धीमान ने बताया कि संस्थान की निशुल्क योग कक्षा प्रतिदिन अहलूवालिया धर्मशाला में प्रातः 5:00 बजे से 6:15 बजे तक नियमित रूप से संचालित होती है। इस अवसर पर वरिष्ठ योग साधक रामनाथ धीमान, पंडित रमाशंकर, कृष्ण चंद आढ़ती, मनोज वालिया, मान सिंह, अजय धीमान, अमित वालिया, राजेश वर्मा, कुलदीप सिंह, कविता, महक, रीटा गुप्ता, कनिका अग्रवाल, शशि, सोनल, शिमोना, रॉबिन, समर, शौर्य सहित अनेक योग साधक एवं बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।